News सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-55
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**

आपके शरीर की सबसे सुंदर चीज है मन, इसे बुरे विचारों से मैला ना करें

# बिहार सिटी चीफ



सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, शनिवार, 01 जून 2024

## मोदी 400 तो नहीं .... इंडी एलायंस करेगी 300 पार...

### बोली राबड़ी देवी ... हम किसी से डरने वाले नहीं हैं

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

पटना, बिहार में सातवें चरण के लोकसभा चुनाव के लिए आज प्रचार-प्रसार का अंतिम दिन है। ऐसे में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी भी अपनी बेटी मीसा भारती के लिए चुनाव प्रचार में डटी हुई हैं। ऐसे में अब आज जब राबड़ी से यह सवाल किया गया कि पीएम मोदी यह कह रहे हैं कि चुनाव के बाद हेलीकॉप्टर पर घूमने वाले को जेल जाना होगा तो उन्होंने उसका अपने ही अंदाज में जवाब दिया। राबड़ी देवी ने कहा कि पीएम मोदी की धमकी और गिदर भभकी से हम डरने वाले नहीं है। उनको जो बोलना है बोलते रहें, हम लोग उनकी बातों पर अधिक ध्यान



नहीं देते हैं। मामला कोर्ट में है, कोर्ट से जो फैसला आएगा, वह देखा जाएगा। हमलोग किसी के कहने या धमकी देने से डरने वाले लोग नहीं हैं। आरजेडी किसी से डरने वाली पार्टी नहीं है।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि इस बार चुनाव का मुद्दा रोजगार, विकास, महंगाई और किसानो की आय बढ़ाना है। हम सभी लोगों के लिए काम कर रहे हैं। राय में अब लोगों को तेजस्वी यादव पर भरोसा हो रहा है। तेजस्वी यादव जिस तरह से 17 महीने में लोगों को नौकरियां दी है, अब बेरोजगार हमारे साथ हैं और हमारी बातों पर भरोसा कर रहे हैं। उधर, भाजपा की तरफ से 400 पार के दावों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि वह लोग 400 तो पार नहीं पर कर पाएंगे लेकिन इंडी एलायंस इस बार 300 पार सीट जरूर हासिल करेगी। अब बिहार की जनता किसी से डरने वाली नहीं है। हम सबका साथ, सबका विकास करने वाले लोग हैं। देश की जनता को हमारे ऊपर भरोसा है और उनका साथ भी हमलोगों को मिल रहा है।

## आखिरी चरण की वोटिंग से पहले पीएम मोदी का भोजपुरिया अंदाज

### X पर वीडियो जारी कर दिया ये खास संदेश

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

लोकसभा चुनाव को लेकर आगामी 1 जून को देश में सातवें चरण की वोटिंग होनी है। देश के सबसे हॉट सीट वाराणसी में भी इसी चरण में मतदान होना है। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन पीएम मोदी ने एक्स पर एक वीडियो जारी कर मतदाताओं को खास संदेश दिया है। पीएम मोदी ने भोजपुरी भाषा में वोटर्स से अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्रों पर जाकर वोट करने की अपील की है। पीएम



मोदी एक्स पर वीडियो जारी करते हुए भोजपुरी भाषा में कहा कि, काशी के लोगों को मेरा प्रणाम। काशी हमारे लिए भक्ति, शक्ति और निरक्ति की नगरी है। ये विश्व की सांस्कृतिक राजधानी है। मां गंगा ने हमें अब गोद ले लिया।

उन्होंने आगे कहा कि, अब काशी के विकास को नई ऊंचाई देने का अवसर है, ये तभी हो पाएगा जब काशी के लोग 1 जून को अधिक से अधिक मतदान करेंगे। काशी के युवा, नारी शक्ति और किसानों से विशेष आग्रह है। आप लोगों का एक-एक वोट मेरी शक्ति को बढ़ाएगा, मुझे नई ऊर्जा देगा। आप लोगों को याद रखना है कि पहले मतदान फिर जलपान।

## बक्सर में सुधाकर सिंह ने RJD के यादव नेता को भरी सभा में जमकर पिटवाया, बॉडीगार्ड से पिस्टल भी तनवाया

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

बक्सर, बिहार के बक्सर में RJD के कैंडिडेट सुधाकर सिंह पर गंभीर आरोप लगा है। आरजेडी के एक यादव नेता अपनी पार्टी के नेतृत्व से गुहार लगा रहे हैं कि सुधाकर सिंह ने भरी सभा में मुझे लाठी-डंडों से धुनवाया। बॉडीगार्ड से हमपर पिस्टल तक तनवाया। आरजेडी के यह नेता छात्र राजद के प्रदेश महासचिव भी हैं।

**सुधाकर सिंह ने कहा- मंच पर कैसे आ गया**

छात्र राजद के प्रदेश महासचिव तुषार विजेता सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपना दुख बयान कर रहे हैं। उन्होंने लिखा है आज दिनांक 29/05/ 24 को धनसोई जनता कांलेज के फील्ड से मेरे नेता आदरणीय तेजस्वी यादव जैसे ही जनता को संबोधित करके हेलीकॉप्टर में बैठकर उड़े, अपने बॉडीगॉर्ड को आदेश देकर सुधाकर सिंह ने मुझे अभिमन्यु की तरह धनसोइ फील्ड में घेरवा लिया और अपने बॉडीगॉर्ड से दर्जनों डंडों से मेरी पिटाई करा दी।

छात्र राजद के प्रदेश महासचिव तुषार विजेता ने कहा कि मेरी गलती बस इतनी थी कि मैं मंच पर चढ़ गया था। जबकि कई लोग जिनका लिस्ट में नाम भी नहीं था वह भी मंच चढ़े हुए थे। जबकि मंच पर अन्य विधानसभा क्षेत्रों के लोग भी थे। तेजस्वी यादव का कार्यक्रम मेरे विधानसभा क्षेत्र में था। मैं पार्टी का पदाधिकारी हूं। मुझे मंच पर चढ़ने का आदेश मिला था। मैंने सारी तैयारी भी करवायी थी। मैं अपने क्षेत्र से सबसे अधिक लोगों को लेकर तेजस्वी यादव की सभा में गया था।

**क्या किसी बैकवर्ड को नेता बनने की इजाजत नहीं है?**

राजद के प्रदेश महासचिव तुषार विजेता ने कहा है कि पार्टी में वफादारी पूर्वक सेवा करने का यही नतीजा है कि आपको डंडों से पीटा जाएगा और आपके ऊपर पिस्टल तनवाया जाएगा। ताकि बक्सर में किसी बैकवर्ड लड़के की हिम्मत न हो सके कि वह सुधाकर सिंह के सामने नेता बनने की कोशिश कर सके।

**मंच पर बैठने की मिली सजा**

दरअसल, बक्सर के धनसोई में बुधवार को तेजस्वी यादव की चुनावी सभा थी। तुषार विजेता ने सोशल मीडिया पर उसकी पूरी कहानी लिखी है। तुषार विजेता ने कहा कि धनसोई की सभा में मैं बक्सर का सिंगल छात्र नेता होने के नाते मंच पर बैठा था। मेरे ही विधानसभा क्षेत्र में यह कार्यक्रम हो रहा था। मंच पर तमाम लोग बिना लिस्ट के ही बैठे थे, जो पार्टी के लिए एक दिन भी काम नहीं किये हैं। मेरे मंच पर बैठने के बाद इंडिया गठबंधन के बक्सर लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार सुधाकर सिंह अपने दोनों बॉडीगॉर्ड में पास आये और मुझ से से अरे-तरे और गाली गलौज करने लगे। उन्होंने मुझे मंच से उतार दिया। उनका एक बॉडीगॉर्ड बोला कि आव मंचवा के पिछवा फ़रिया ल। वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने और राजपुर के विधायक विश्वनाथ राम के बॉडीगॉर्ड ने समझा बुझाकर मुझे मंच से करीब 50 फीट दूर ले जाकर बैठा दिया।

## हर्ष राज की हत्या के खिलाफ मुजफ्फरपुर में निकाला प्रतिरोध मार्च

### हत्यारों को फांसी और परिजनों को एक करोड़ रूपये मुआवजे की मांग

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

मुज़फ़्फ़रपुर, छात्र नेता हर्ष राज की पटना में जघन्य हत्या के खिलाफ गुरुवार को भूमिहार ब्राह्मण सामाजिक फ्रंट के छात्र युवा इकाई ने मुजफ्फरपुर में प्रतिरोध मार्च निकालकर रोष पूर्ण प्रदर्शन किया। इस मौके पर खुदीराम बोस स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इससे पूर्व स्थानीय खुदीराम बोस स्मारक स्थल से फ्रंट के युवा नेता शांतनु सत्यम तिवारी व अंकेश ओझा के संयुक्त नेतृत्व में प्रतिरोध मार्च निकाला गया। प्रतिरोध मार्च में हजारों की संख्या में छात्र युवा शामिल थे।

प्रतिरोध मार्च शामिल लोग शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरे और हर्ष राज के हत्यारों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की और दोषियों को फांसी देने की बात दोहराई। वही इस घटना की उच स्तरीय जांच कराने और पटना विश्वविद्यालय प्रशासन से हर्ष राज के परिजन को एक करोड़ रूपया मुआवजा देने की मांग की।

श्रद्धांजलि सभा को फ्रंट के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजीत कुमार ने इस घटना को बेहद दुखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि दिन के



उजाले में विश्वविद्यालय परिसर में पीट- पीट कर छात्र नेता का हत्या न केवल प्रशासन बल्कि सरकार के लिए भी बड़ी चुनौती है । उन्होंने कहा कि इस घटना से समाज में काफी आक्रोश व्याप्त है। खास कर छात्र व युवा वर्ग आंदोलित है, ऐसे में शासन को चाहिए कि इस घटना का उच स्तरीय जांच करते हुए घटना मे शामिल सभी अपराधी को यथाशीघ्र गिरफ्तार करें एवं स्पीडी ट्रायल चलवा कर समय सीमा के अंदर दोषी को फांसी की सजा मुकर्रर कराए।

उन्होंने कहा कि दिन के उजाले में विश्वविद्यालय परिसर में हुए इस हत्या की नैतिक जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन ले। हर्ष राज के परिजन को एक करोड़ मुआवजा की राशि उपलब्ध कराए। उन्होंने सरकार से अपील करते हुए कहा कि सरकार इस मामले को गंभीरता ले एवं यथाशीघ्र कार्रवाई कर समाज में शांति का संदेश दे। नहीं तो युवा वर्ग इस हत्या को चुनौती के रूप में लेते हुए आर पार की लड़ाई लड़ेंगे एवं हर्ष राज के परिवार को न्याय दिलाएंगे।

श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता फ्रंट के जिला अध्यक्ष रणधीर कुमार सिंह तथा संचालन कमलेश कुमार सिंह ने किया। प्रतिरोध मार्च को कमलेश कांत गिरी, राजकुमार सिंह, मंकू पाठक, अनिल पंडित , मोहम्मद शमीम , संतोष कुमार साही,आशुतोष ठाकुर, अभिषेक कुमार ,हरेंद्र बैठा, ऋतुराज ओझा ,निखिल कुमार, भूषण सिंह , कृष्णा , गुलशन कुमार , मनीष बसंत ,चंदन शाही, अमित मिश्रा ,बसंत सिंह सिद्धू, गोल्डन सिंह ,अनमोल ठाकुर, गोविंद कुमार, अंकित भारद्वाज, हरेंद्र बैठा ,राजू दुबे ,मनोज सिंह, अमन कुमार, विमलेश कुमार, विनोद शर्मा, मुकुंद तिवारी ,प्रभात कुमार प्रभाकर, मिट्ठू पांडे ,अमित सिंह, निर्मल कुमार ,सुमन सिंह, पप्पू सिंह, सहित कई प्रमुख लोगों ने अपना-अपना विचार रखते हुए हर्ष राज के परिजन को न्याय दिलाने का लोगों से अपील की।

## मधुबनी में बाइक एजेंसी के अकाउंटेट की गोली मारकर हत्या

### इलाके में सनसनी, पुलिस मामले की जांच में जुटी

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

मधुबनी, बिहार में अपराधी बेलगाम हो गये हैं शायद यही कारण है कि एक के बाद एक अपराध की वारदात को बेखौफ अंजाम दे रहे हैं। इस वक्त की बड़ी खबर मधुबनी जिले से आ रही है जहां अपराधियों ने बाइक एजेंसी के अकाउंटेंट की गोली मारकर हत्या कर दी।

घटना नगर थाना क्षेत्र के राम चौक कंटाही मोहल्ले की है जहां बेखौफ अपराधियों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। इस घटना से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। मृतक की पहचान फुलपरास थाना



क्षेत्र के सिसवर गांव निवासी धीरज साह के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार, सदर एसडीपीओ राजीव कुमार ने शव को कब्जे में लिया और उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है।

## दहेज के लिए पत्नी की हत्या करने वाले को कोर्ट ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

बेगुसराई, दहेज के लिए पत्नी की गला दबाकर हत्या करने वाले आरोपित पति को बेगूसराय कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। बेगूसराय कोर्ट के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार सिंह ने बरौनी थाना कांड संख्या 271/ 2020 की सुनवाई की।दहेज हत्या मामले में जेल में बंद आरोपित पति धीरज राय को दोषी पाते हुए कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। धीरज राय बरौनी थाना क्षेत्र के अमरपुर का रहने वाला है। जिस पर पत्नी रूम्पी देवी की दहेज के लिए हत्या करने का आरोप था। सजा के बिंदुओं पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपित धीरज राय को भारतीय दंड विधान की धारा 304 बी, 34 में दोषी पाकर आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार को आदेश दिया कि मृतका के परिजन को सरकारी मुआवजा राशि प्रदान करें अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक राम प्रकाश यादव और राजकुमार महतो ने कुल पांच गवाहों की गवाही कराई। आरोपित की ओर से अधिवक्ता नीरज कुमार ने आरोपित का पक्ष न्यायालय में रखा। आरोपित धीरज राय पर यह आरोप था कि 2018 में मटिहानी थाना के रचियाही निवासी सूचक प्रमोद राय की बेटी रूम्पी देवी के साथ शादी के बाद से ही धीरज राय और परिवार के लोग दहेज की मांग कर रहे थे। मांग पूरी नहीं होने पर रूम्पी देवी की गला दबाकर हत्या कर दी। इस हत्या की सूचना मृतका रूम्पी देवी के पिता प्रमोद राय को 27 जुलाई 2020 को मिली। जिसके बाद मृतका के पिता प्रमोद राय जब बेटी के ससुराल पहुंचे तब वहां रूम्पी की लाश को देखा।

## भाजपा के इस बयान पर राहुल गांधी हमलावर, कहा..ये उनके अहंकार का सबूत है

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

पटना, कुछ दिन पहले बीजेपी के पुरी लोकसभा से उम्मीदवार संबित पात्रा ने भगवान जगन्नाथ पर टिप्पणी की थी। कहा था कि भगवान श्री जगन्नाथ नरेंद्र मोदी के भक्त हैं। सोशल मीडिया पर उनका यह बयान जब वायरल हो गया तब उन्होंने इसे लेकर माफी भी मांगी। कहा कि ऐसा उनके जुबान फिसलने से हुआ है। संबित पात्रा के माफी मांगने के बाद अब राहुल गांधी उनके इस बयान को लेकर हमलावर हैं। राहुल गांधी ने कहा है कि बीजेपी के नेता ने कहा है कि भगवान श्री जगन्नाथ नरेंद्र मोदी के भक्त हैं। ये भाजपा के अहंकार का सबूत है।

बता दें कि अपने इस बयान के बाद संबित पात्रा ने माफी मांगते हुए कहा था कि महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी को लेकर मुझसे जो भूल हुई है, उस विषय को लेकर मेरा अंतर्मन अत्यंत पीड़ित है। मैं महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी के चरणों में शीश झुकाकर क्षमा याचना करता हूं। अपने इस भूल सुधार और पश्चाताप के लिए अगले 3 दिन मैं उपवास पर रहूंगा। लेकिन भगवान जगन्नाथ पर टिप्पणी करने वाले संबित पात्रा पर अब राहुल गांधी हमलावार नजर आ रहे हैं।

बीजेपी पर हमला करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मैं BJP के खिलाफ लड़ता हूं। मेरे ऊपर BJP ने 24 केस करवा दिए हैं। क्ष्ष्ठ ने 50 घंटे तक मुझसे पूछताछ की, मुझे 2 साल की जेल करवा दी, मेरी संसद सदस्यता छीन ली, मेरा घर ले गए। मैंने उनसे कहा- मुझे तुम्हारा घर नहीं चाहिए, मैं हिंदुस्तान के करोड़ों लोगों के दिलों में रहता हूं। यहां के मुख्यमंत्री अगर सच में क्छ्क्क के खिलाफ लड़ते हैं, तो आज तक उनपर केस क्यों नहीं हुआ? क्योंकि क्ष्ष्ठ के नवीन पटनायक, क्छ्क्क के लिए काम करते हैं। यह दोनों एक हैं। इनका लक्ष्य ओडिशा के लोगों का धन चोरी करना है। राहुल गांधी ने कहा कि जैसे ही हम गरीबों को पैसा देना शुरू करेंगे, ये मीडिया वाले कहेंगे- INDIA की सरकार गरीबों की आदत बिगाड़ रही है। लेकिन हम मीडिया की बात नहीं सुनेंगे, क्योंकि आप अडानी-अंबानी के लोग हैं। हम सिर्फ देश के गरीबों, किसानों, मजदूरों की बात सुनेंगे।



वही कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी बीजेपी और नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। कहा कि नरेंद्र मोदी ने अपने 15 दिन के भाषण में..232 बार कांग्रेस का नाम लिया औ 758 बार मोदी शब्द का इस्तेमाल किया वही 573 बार ढ्ढहृष्ठढ्ढ गठबंधन और विपक्ष की बात की। लेकिन महंगाई, बेरोजगारी के बारे में एक शब्द नहीं कहा। जबकि कांग्रेस हमेशा जनता की समस्याओं को ध्यान में रखकर काम करती है। जब डॉ. मनमोहन सिंह जी प्रधानमंत्री और सोनिया गांधी जी चेयरपर्सन थीं, तब हम गरीबों के लिए ऐसी योजनाएं लेकर आए, जिनसे गरीबों का फायदा हुआ। लेकिन नरेंद्र मोदी ने बेरोजगारी, महंगाई, आर्थिक असमानता, संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग जैसे मुद्दों को बढ़ावा दिया। हमने इन्हीं मुद्दों के खिलाफ लड़ाई लड़ी, जिसमें जनता का पूरा समर्थन मिला। इसलिए मैं अपने सभी साथियों को बधाई देता हूं, जो निडर होकर लोकतंत्र की रक्षा के लिए खड़े हैं। महात्मा गांधी जी अहिंसा पर विश्वास करते थे, उन्होंने कभी किसी से नफरत नहीं की। लेकिन नरेंद्र मोदी सिर्फ नफरत की बातें करते हैं, उनकी हर बात में नफरत झलकती है।

खरगे ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने बताया कि उन्हें महात्मा गांधी जी के बारे में गांधी फिल्म देखकर पता चला। मुझे इस बात पर हंसी आती है, शायद नरेंद्र मोदी ने गांधी जी के बारे में कभी नहीं पढ़ा। महात्मा गांधी जी को पूरी दुनिया जानती है, दुनिया की अलग-अलग जगहों पर उनके स्टैयू हैं। अगर नरेंद्र मोदी, महात्मा गांधी जी के बारे में नहीं जानते, तो उन्हें संविधान के बारे में भी पता नहीं होगा।

वही कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह जी ने पंजाब का नाम पूरे देश और दुनियाभर में रोशन किया। जब हमारी उनसे बात हुई तो उनकी आवाज में एक दर्द और पीड़ा थी। क्योंकि जिस शख्स से एक चमन को सींचा हो, अब उसे छिन्न-भिन्न किया जा रहा है। डॉ. मनमोहन सिंह जी के कार्यकाल में देश के हर वर्ग को लाभ मिला, लेकिन पिछले 10 वर्षों में तमाम वर्गों के साथ जो हुआ, वह सबके सामने है। पिछले 10 साल में, क्छ्क्क सरकार ने पंजाब और पंजाबियत को बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। 750 किसान, जिनमें से यादातर पंजाब से थे, दिल्ली की सीमाओं पर महीनों तक इंतजार करते हुए शहीद हो गए। जब लाठी और रबर की गोलियों से भी मन नहीं भरा तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में हमारे किसानों को आंदोलनजीवी और परजीवी कहकर उनका अपमान किया। किसानों की सिर्फ यही मांग थी कि उनसे चर्चा किए बिना उन पर थोपे गए कृषि कानूनों को वापस लिया जाए।